प्रेस नोट जनपद रामपुर दिनांक-17.03.2023

श्रीमान पुलिस अधीक्षक, रामपुर महोदय द्वारा पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेकर पुलिस लाइन का किया गया निरीक्षण-

आज दिनांक 17-03-2023 को रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर में परेड का आयोजन किया गया जिसमें श्रीमान पुलिस अधीक्षक, रामपुर महोदय श्री अशोक कुमार द्वारा परेड की सलामी ली गयी। परेड में लगे पुलिस कर्मियों का टर्न आउट चैक किया गया। परेड के उपरान्त श्रीमान पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, कैन्टीन, मनोरंजन कक्ष, एम0टी0 शाखा, 112 के वाहनों, जिम, अतिथि गृह, आदि का निरीक्षण कर पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई आदि को चैक किया गया तथा सर्वसंबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन भी मौजूद रहे।